सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-548
08/11/2017

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के शिष्टमण्डल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 08 नवम्बर 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के शिष्टमण्डल ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की।

मुलाकात के क्रम में सी0आई0आई0 के नामित अध्यक्ष एवं भारती इन्टरप्राइजेज के वाइस चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को प्रस्ताव दिया कि सी0आई0आई0 उद्योग विभाग के साथ पाटर्नरशिप कर निवेश को बढ़ावा देना चाहता है। उन्होंने कहा कि खासकर हमलोग फूड प्रोसेसिंग एवं फार्म मशीनरी के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना चाहते हैं। सी0आई0आई0 के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री से चर्चा के क्रम में कहा कि बिहार की उद्योग नीति काफी अच्छी है और हमलोग इसका देश भर में प्रचार–प्रसार करेंगे ताकि निवेशक प्रभावित होकर बिहार में निवेश कर सकें। सी0आई0आई0 के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री को प्रस्ताव दिया कि वे उद्योग विभाग से मिलकर विशिष्ट क्षेत्रों में इन्वेस्टमेंट मिट का आयोजन करेंगे ताकि निवेशकों को आकर्षित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में उद्योग विभाग के प्रधान सचिव को आवश्यक निर्देश दिये।

प्रतिनिधिमण्डल में नामित अध्यक्ष एवं भारती इन्टरप्राइजेज के वाइस चेयरमैन श्री राकेश भारती मित्तल, सी0आई0आई0 पूर्वी क्षेत्र के चेयरमैन तथा वाइस चेयरमैन एवं एम0डी0 टीटागढ़ बैगन्स लिमिटेड श्री उमेश चौधरी, पूर्वी एवं उत्तर–पूर्वी क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती नीता करमाकर, सी0आई0आई0 बिहार स्टेट काउंसिल तथा आस्ट्रिक ग्रुप ऑफ कम्पनिज के को–फाउण्डर श्री प्रभात कुमार सिन्हा, सी0आई0आई0 बिहार स्टेट काउंसिल के पूर्व चेयरमैन तथा प्रबंध निदेशक कल्याणपुर सीमेंट एवं बिहार होटल्स लिमिटेड श्री एस0पी0 सिन्हा, सी0आई0आई0 बिहार स्टेट काउंसिल के उपाध्यक्ष तथा एम0डी0 टी0एल0 इन्टरप्राइजेज, रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट पटना श्री बिनोद खरिया तथा बिहार स्टेट काउंसिल के हेड श्री रोहित लाल तथा सी0आई0आई0 नई दिल्ली की कार्यकारी निदेशक सुश्री नीरजा शामिल थीं।

प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री को सी0आई0आई0 का जर्नल भी भेंट किया।

इस अवसर पर प्रधान सचिव उद्योग डॉ0 एस0 सिद्धार्थ तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार उपस्थित थे।

******